महाराणा प्रताप महाविद्यालय
3/1/23
ग्रन्थालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

# HND 102

# B.A. Ist SEMESTER EXAMINATION, 2022-23

# HINDI

## (Hindi Kavya-I)

## (3+0)

## (CBCS MODE)

AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP

Date (तिथि) : ____________

**Paper ID**
(To be filled in the OMR Sheet)

**8029**

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures)

| | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | | | |

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ____________

Roll No. (In Words) : ____________

**Time : 1 Hour** | **Max. Marks : 60**

**समय : 1 घण्टा** | **अधिकतम अंक : 60**

**नोट : पुस्तिका में 40 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।**

**Important Instructions :**

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.

2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्ही स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।

2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही अभ्यर्थी को जॉच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

1. आदिकाल को वीरगाथाकाल नाम दिया था :

   (A) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने

   (B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने

   (C) पं० चन्द्रधर शर्मा गुलेरी ने

   (D) राहुल सांकृत्यायन ने

2. 'अपभ्रंश मिश्रित हिंदी ही पुरानी हिंदी है'– यह कथन है :

   (A) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी का

   (B) राम कुमार वर्मा का

   (C) हजारी प्रसाद द्विवेदी का

   (D) महावीर प्रसाद द्विवेदी का

3. निम्नलिखित में सुमेलित नहीं है :

   (A) हजारी प्रसाद द्विवेदी – आदिकाल

   (B) राहुल सांकृत्यायन – सिद्धसामंत युग

   (C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल – चारणकाल

   (D) महावीर प्रसाद द्विवेदी – बीज–वपन काल

4. सुमेलित नहीं है :

   (A) चंदबरदाई – पुथ्वीराज रासो

   (B) नरपति नाल्ह – बीसलदेव रासो

   (C) शारंगधर – खुमान रासो

   (D) जगनिक – परमाल रासो

5. निम्नलिखित में से सगुण कवि नहीं है :

   (A) क्षीत स्वामी

   (B) गोविन्द स्वामी

   (C) तुलसीदास

   (D) मलूकदास

6. सुमेलित है :

(A) नन्ददास – सूफी काव्य

(B) सुन्दरदास -- कृष्णभक्ति काव्य

(C) मंझन – सूफी काव्य

(D) मलूकदास -- राम काव्य धारा

7. रीतिकाल की विशेषता नहीं है :

(A) प्रकृति का उद्दीपन रूप में चित्रण

(B) ब्रज भाषा का प्रयोग

(C) हठयोग साधना

(D) श्रृंगार रस की प्रधानता

8. आलवार भक्तों में महिला भक्त कवयित्री थीं :

(A) अंदाल

(B) सहजोबाई

(C) पीपाबाई

(D) निर्मला पुतुल

9. अमीर खुसरो की कविताओं की भाषा है :

(A) खड़ी बोली

(B) फारसी

(C) खड़ी बोली और फारसी दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

10. अमीर खुसरो की कविताओं की शैली नहीं है :

(A) सवैया

(B) पहेलियाँ

(C) दोहे

(D) कौव्वाली

11. 'कुल्लियात' के रचनाकार हैं :

(A) विद्यापति

(B) गोरखनाथ

(C) अमीर खुसरो

(D) हजरत निजामुद्दीन औलिया

12. "एक थाल मोती से भरा, सबके सर औंधा धरा।

चारों ओर वह थाल फिरे, मोती उससे एक न गिरे।"

पंक्ति है :

(A) निराला की

(B) कबीर की

(C) अमीर खुसरों की

(D) चन्द बरदायी की

13. 'हबकि न बोलिबा ठबकि न चलिबा ..........' में ठबकि का अर्थ है :

(A) ठाठ के साथ

(B) अंहकार के साथ

(C) तेजी के साथ

(D) मन्द गति के साथ

14. नाथ पंथ के कवि हैं :

(A) गुरूनानक

(B) स्वयंभू

(C) गोरखनाथ

(D) पुष्पदंत

15. 'जोइ–जोई पिंडे सोई ब्रह्मांडे' सिद्धांत है :

(A) सरहपा का

(B) लोइपा का

(C) मछंदरनाथ का

(D) गोरखनाथ का

16. "अदेसि देसिबा देसि बिचारिबा........... ।"

यह पंक्ति किस कवि की है :

(A) चन्द बरदायी की

(B) गोरखनाथ की

(C) चर्पटनाथ की

(D) मत्स्येन्द्र नाथ की

17. 'कबीर ग्रंथावली' के संपादक हैं :

(A) श्यामसुन्दर दास

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(D) राम कुमार वर्मा

18. 'सतगुरू सवॉन को सगा' में सवॉन का अर्थ है :

(A) गुरू

(B) समान

(C) शिष्य

(D) ईश्वर

19. 'कहै कबीर भीतरि भिद्या, सतगुरू के हथियार' में हथियार से अभिप्राय है :

(A) ज्ञान

(B) अज्ञान

(C) माया

(D) अवचेतन

20. 'जिनि थे गोविंद बीछुटे, तिनके कौण हवाल' में गोविंद का अर्थ है :

(A) कौन

(B) उनके

(C) आत्मा

(D) ईश्वर

21. 'पद्मावत' के रचनाकार हैं :

(A) अमीर खुसरो

(B) मलिक मुहम्मद जायसी

(C) तुलसीदास

(D) रसखान

22. सिंहलद्वीप की राजकुमारी है :

(A) मणिकर्णिका

(B) राजकुमारी नंदिनी

(C) पद्मावती

(D) नागमती

23. 'अलख अरूप अबरन सो कर्ता' में 'अलख' कहा गया है :

(A) ईश्वर को

(B) नागमती को

(C) रत्नसेन को

(D) सिंहलद्वीप को

24. 'खोंपा छोरि केसि मुकलाई ............' में जायसी ने वर्णन किया है :

(A) माँग का

(B) बालों का

(C) बरौनी का

(D) आँखों का

25. सूरदास कवि हैं :

(A) वात्सल्य के

(B) श्रृंगार के

(C) वात्सल्य और श्रृंगार दोनों के

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

26. 'बूझत श्याम कौन तू गोरी' काव्य–पंक्ति के रचयिता हैं :

(A) चंडीदास

(B) विद्यापति

(C) जयदेव

(D) सूरदास

27. सूरदास किस धारा के कवि हैं :

(A) निर्गुण काव्य धारा के

(B) सूफी काव्य धारा के

(C) रामभक्ति धारा के

(D) कृष्ण काव्य धारा के

28. सूरदास की काव्य–भाषा है :

(A) खड़ी बोली

(B) अवधी

(C) ब्रजभाषा

(D) मैथिली

29. 'जोग ठगौरी ब्रज न बिकैहै' में 'जोग' का अर्थ है :

(A) जोड़

(B) योग

(C) ठगी

(D) बिकना

30. 'भूप मनोरथ सुभग बनु' में सुभग' का अर्थ है :

(A) सुन्दर

(B) राजा

(C) वन

(D) मनोरथ

31. 'लोभ न रामहि राजु कर, बहुत भरत पर प्रीति' काव्य– पंक्ति के रचनाकार हैं :

(A) सूरदास

(B) जायसी

(C) तुलसीदास

(D) कबीरदास

32. तुलसीदास की रचना नहीं है :

(A) रामचरित मानस

(B) रामायण

(C) रामलला नहछू

(D) पार्वती मंगल

33. 'बतरस लालच लाल की, मुरली धरी लुकाई' काव्य–पंक्ति के रचनाकार हैं :

(A) घनानंद

(B) बिहारी

(C) देव

(D) भूषण

34. 'मेरी भव–बाधा हरौ, राधा नागरि सोइ' में 'भव–बाधा' का अर्थ है :

(A) संसार का विघ्न

(B) राधा

(C) प्रभाहीन

(D) कालिमा

35. बिहारी की विशेषता नहीं है :

(A) श्रृंगारिकता

(B) बहुज्ञता

(C) वीरगाथात्मकता

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

36. 'सालति है नटसाल सी .............' में 'नटसाल' का अर्थ है :

(A) हृदय

(B) बर्छी

(C) पीड़ा

(D) आभूषण

37. घनानन्द को साक्षात रसमूर्ति माना है :

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने

(C) डा० नगेन्द्र ने

(D) राम कुमार वर्मा ने

38. 'अति सूधो सनेह को मारग है..........' में 'सूधो' का अर्थ है :

(A) मार्ग

(B) चालाकी

(C) सरल

(D) स्नेह

39. घनानन्द की काव्य–भाषा है :

(A) खड़ी बोली

(B) ब्रजभाषा

(C) अवधी

(D) भोजपुरी

40. 'प्रेम के पीर' को कवि कहा जाता है :

(A) भूषण को

(B) देव को

(C) बिहारी को

(D) घनानन्द को

•••••